क्रमांक-1

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## बुधवार, दिनांक 18 फरवरी, 2015 (माघ 29, शक सम्वत् 1936)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10:33 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

### 2. राज्यपाल महोदय का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि अब सदन राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा करेगा। पूर्वाह्न 10.45 बजे श्री रामनरेश यादव, राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन एवं आसन ग्रहण हुआ.

### 3. अध्यक्षीय व्यवस्था

**राज्यपाल महोदय द्वारा अभिभाषण को पढ़े जाने विषयक**

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि स्वास्थ्यगत कारणों से माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा अभिभाषण का प्रथम एवं अंतिम पैरा ग्राफ पढ़ा जाएगा, शेष अभिभाषण पढ़ा हुआ माना जाएगा.

### 4. बहिर्गमन

**इंडियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यों द्वारा व्यापम मामले में नाम होने के विरोध में बहिर्गमन**

श्री सत्यदेव कटारे, नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में इंडियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यों द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय के परिवार के सदस्य का व्यापम मामले में नाम होने और माननीय राज्यपाल के इस्तीफे की बात कहकर सदन से बहिर्गमन किया गया.

### 5. राज्यपाल महोदय का अभिभाषण (क्रमश:)

राज्यपाल महोदय द्वारा अभिभाषण का प्रथम एवं अंतिम पैराग्राफ पढ़ा गया. पूर्वाह्न 10.53 बजे राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया.

(श्री बाबूलाल गौर, सुश्री कुसुम सिंह महदेले, डॉ. नरोत्तम मिश्र एवं श्री भूपेन्द्र सिंह, मंत्रीगण द्वारा कांग्रेस पक्ष के सदस्यों द्वारा राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान व्यवहार की निन्दा की गई)

### 6. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव की प्रस्तुति

श्रीमती अर्चना चिटनीस, सदस्य ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि :-

'राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं'

श्री रामेश्वर शर्मा, सदस्य ने इसका समर्थन किया.

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ.

अध्यक्ष महोदय द्वारा राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए शुक्रवार, दिनांक 20 फरवरी, सोमवार, दिनांक 23 फरवरी, मंगलवार, दिनांक 24 फरवरी, 2015 का समय नियत किया गया. तदनुसार, घोषणा की गई कि माननीय सदस्यों द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन बुधवार, दिनांक 18 फरवरी, 2015 को अपरान्ह 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जा सकते हैं.

पूर्वाह्न 10.58 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 19 फरवरी, 2015 (30 माघ, शक सम्वत् 1936) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**भगवानदेव ईसरानी,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल:**
**दिनांक: 18 फरवरी, 2015**